प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

05.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

विश्व पर्यावरण दिवस

आज विश्व पर्यावरण दिवस है। प्रकृति और पृथ्वी के संरक्षण के लिए सकारात्मक पर्यावरणीय कार्रवाई के प्रति दुनिया भर में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस का विषय है –प्लास्टिक प्रदूषण को परास्त करना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली पार्क में विशेष वृक्षारोपण अभियान का नेतृत्व किया। नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ माँ के नाम पहल के तहत बरगद का पौधा लगाया। प्रधानमंत्री ने एक संदेश में प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी का आह्वान किया।

*प्रकृति रक्षति रक्षितः अर्थात जो प्रकृति की रक्षा करते हैं प्रकृति उनकी रक्षा करती है। पर्यावरण में संतुलन यह हमारी पुरातन परंपरा का एक अहम हिस्सा है। हमारे यहां कहा गया है यत् पिण्डे तत ब्रह्माण्ड यानि जो पिण्ड यानि जीव में है वही ब्रह्माण्ड में है।*

मुख्यमंत्री

इधर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज ओक ओवर, शिमला से 'प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना' ध्येय से आयोजित साइकिल रन को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने प्लास्टिक न्यूट्रल हिमाचल–2030 जागरूकता अभियान और स्वच्छ शिमला अभियान का भी शुभारम्भ किया। इस अभियान में विद्यार्थियों, स्वयं सेवियों, गृह रक्षा जवानों और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश को प्लास्टिक न्यूट्रल बनाने की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिमाचल को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए सभी को सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए और पर्यावरण को प्लास्टिक से बचाना सभी का दायित्व है। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि आगामी 5 वर्षों में हिमाचल को प्लास्टिक मुक्त बनाने के निरंतर प्रयासों के साथ–साथ जागरूकता लाने के लिए गंभीर प्रयासों की भी नितांत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की प्राकृतिक सौंदर्य से अलग पहचान है और इसे बनाए रखने के लिए हमें सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ निरंतर प्रयास करने होंगे।

प्रतिनिधिमंडल

कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल ने अमरीका में नेताओं, वरिष्ठ अधिकारियों और भारतीय समुदाय के साथ कई बैठकों के दौरान आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख को मजबूती से सामने रखा है। उन्होंने वाशिंगटन में अमरीकी कांग्रेस की विदेश मामलों की समिति के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठक के बाद कहा कि आतंकवादी हमलों की निंदा करने और भारत के आत्मरक्षा के अधिकार के मुद्दे पर सभी ने पूरी तरह से सहमति व्यक्त की। शशि थरूर ने कहा कि भारत

इस मजबूत और बिना शर्त समर्थन के लिए अमरीका का आभारी है। समिति के अध्यक्ष ब्रायन मास्ट ने मीडिया से बात करते हुए आतंकवादी हमले की निंदा की और कहा कि इस तरह के हमलों के लिए दुनिया में कोई जगह नहीं है। इस बीच, जनता दल–यू सांसद संजय झा के नेतृत्व में एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल ने आज नई दिल्ली में विदेश मंत्री डॉक्टर एस. जयशंकर से मुलाकात की। डी.एम.के. सांसद कनिमोई के नेतृत्व में एक अन्य प्रतिनिधिमंडल ने भी विदेश मंत्री से मुलाकात की। आतंकवाद के खिलाफ भारत के सैद्धांतिक और दृढ़ रुख का संदेश लेकर गए सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से पांच प्रतिनिधिमंडल अपनी सफल यात्रा पूरी कर भारत लौट आए हैं।

मुख्यमंत्री–पर्ची

प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में पर्ची के 10 रुपए लेने के फैसले पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि अस्पतालों की रोगी कल्याण समिति की तरफ से पर्ची पर 10 रुपए लेने का सुझाव आया था जिसके बाद कैबिनेट सब कमेटी ने यह निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस संबंध में निर्देश अस्पतालों पर थोपे नहीं है, बल्कि यह अस्पतालों की रोगी कल्याण समिति पर छोड़ा गया है कि इस प्रकार का शुल्क लगाना है या नहीं लगाना है।

*मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार की तरफ से कोई रिकोमंडेशन नहीं है। यह हमने हॉस्पिटल्स को ऑटोनोमस कर दिया। हॉस्पिटल अगर चाहता है अपनी सफाई रखना मेंटेनेंस रखना तो वह 10 रूपय पर्ची के लगा सकता है। अगर हॉस्पिटल नहीं चाहता कि अपने संसाधन है कोई अपनी इनकम है तो उनको पर्ची लगाने की जरूरत नहीं है। यह तो उस हॉस्पिटल की रोगी कल्याण समिति जिसमें लोकल लोग होते हैं, उनके द्वारा तय करना है। सरकार की तरफ से कोई नोटिफिकेशन को थोपा नहीं गया है एक राय मांगी है जो कैबिनेट सब कमेटी ने एक राय के तहत यह कहा है।*

———————————————